### एक नजर में



### 73 वर्षीय दुर्गाबाई नागर का निधन

**नरसिंहगढ़ 08 जनवरी, सं.** चंपी मोहल्ला निवासी केलाशचंद्र,रमेशचंद्र की भाभी जितेंद्र नागर(राजू) विधायक के निजी सचिव वा विजय नागर की माताजी श्रीमति दुर्गा बाई नागर का 73 वर्ष की आयु में निधन गुरुवार को हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास चंपीमोहल्ला से निकाली गई जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची जहां पर विधि विधान एवं मंत्र उपचार के साथ उनके जेस्ट पुत्र द्वारा मुखाग्नि दी गई. श्रीमती दुर्गाबाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार नाती पंक्ति शति छोड़कर गई है. स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में ब्राह्मण समाज सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी वा परिवार जनों रिश्तेदार नातेदार सहित उपस्थित नागरिकों द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कि गई.

### जनपद शिक्षा केन्द्र की ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी सम्पन्न

**नरसिंहगढ 08 जनवरी, सं.** जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन पुरानी कोतवाली परिसर में किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई. प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य विषयों से संबंधित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी विषयों का तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करना चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें।उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर जिला मंत्री सत्येन्द्र सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, रमेश मालवीय, मुन्ना साहू, दिनेश नागर, मनोज जड़िया, बीआरसी सुरेंद्र भदौरिया सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.



# गिरता पारा : जिला लगातार चौथे दिन टॉप-5 में

## बुधवार-गुरूवार की रात पारा 4 .6 डिग्री आंका गया

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 08 जनवरी, का.** राजगढ़ जिला न्यूनतम तापमान के मामले में लगातार चौथे दिन प्रदेश के 5 प्रमुख शहरों में शामिल रहा है. बुधवार-गुरूवार की रात पारा 4.6 डिग्री आंका गया. इसके अलावा जिला न्यूनतम तापमान के मामले में प्रदेश में पांचवे नंबर पर रहा. जिले से कम प्रदेश के खजुराहो में 3.2 डिग्री, कल्याणपुर शहडोल में 3.4 डिग्री, रीवा में 4.1 डिग्री, चित्रकूट और दतिया, सतना में 4.2 और राजगढ़ जिले में 4.6 न्यूनतम तापमान आंका गया.

हालांकि इस बीच गुरूवार को दिन में अच्छी धूप सेंकने को मिली और ठण्ड से राहत मिली है. वहीं शीतलहर नहीं चलने से लोगों ने राहत महसूस की है. लेकिन रात का तापमान जस का तस बना हुआ है.

### फिलहाल नहीं बदलेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार जिले में अभी मौसम के अचानक बदले जैसे कोई संकेत नहीं है. वर्षा, शीतलहर, तीव्र शीत दिन, हल्का या घना कोहरा जैसा कोई अलर्ट मौसम विभाग की ओर से राजगढ़ जिले के लिए नहीं है. जिले में दिन के समय मौसम साफ और अल सुबह हल्की धुंध बताई जा रही है.



### सायबर फ्रॉड रोकने के निर्देश

**राजगढ़, 08 जनवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के समस्त बैंकर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले की सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की उपस्थिति रही. बैठक में बैंक सुरक्षा एवं सायबर अपराधों की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित म्यूल खातों की संपूर्ण जानकारी पुलिस विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं.

# ढाई हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार

## सारंगपुर में रोजगार मेला : महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर, 25 कंपनियों द्वारा 2695 पदों पर होगा चयन

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 08 जनवरी, सं. आगामी 12 जनवरी को मंडी प्रांगण में आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल एवं कलेक्टर श्री गिरीश मिश्रा जी के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया गया. इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन की व्यवस्थाओं, युवाओं की सुविधा, कंपनियों की भागीदारी एवं रोजगार अवसरों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें.**

निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, गुलावता मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,जनपद अध्यक्ष देव नागर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, एसडीएम रोहित बम्होरे ,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सहित अधिकारी उपस्थित रहे.

इसी क्रम में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 12 जनवरी सारंगपुर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियां के माध्यम से 2695 रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा. यह रोजगार मेला महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा. रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होगी. जिससे महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान होगे. इनमें फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, जेबी इंडस्ट्रीज इंदौर, वीई कमर्शियल भोपाल, युवाशक्ति फाउंडेशन, टीएसपीएल समूह, वर्धमान फैब्रिक्स बुडनी, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, प्रतिभा स्वराज प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, शिव शक्ति बायोटेक, डिक्सन टेक्नोलॉजिक्स लिमिटेड, जेपी वीएमजी मार्केट प्राइवेट लिमिटेड, आरके इलेक्ट्रॉनिक्स, कमिंस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आई डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड तथा ग्रीन मैक्स सिस्टम्स, पेटीएम सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं. रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी, उत्पादन, विपणन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े पदों के लिए महिलाओं का चयन किया जाएगा. चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति की जाएगी. आयोजकों ने पात्र महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं. यह रोजगार मेला महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है.



### विशाल मेगामार्ट, टीम लीज जैसी कंपनियां लेंगी भाग

12 जनवरी को सांरगपुर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कई प्रतिष्ठित निजी कंपनियां सहभागिता कर रही हैं. यह रोजगार मेला दिव्यांग अभ्यर्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. रोजगार मेले में रिलायंस रिटेल, टेक्नोटास्क, टीमलीज, एसएमसी इंटीग्रेटेड, विशाल मेगा मार्ट, कैलीब एचआर एवं पेटीएम जैसी विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी. इन कंपनियों द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए सेवा, मार्केटिंग, डाटा एंट्री एवं अन्य सहायक कार्यों से संबंधित पदों पर नियुक्ति की जाएगी. इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा योग्यता वाले दिव्यांग अभ्यर्थी पात्र होंगे. रोजगार मेला दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करने और उनकी कार्यक्षमता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने पर केंद्रित है. प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक दिव्यांग अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे रोजगार मेले में सहभागिता कर इस अवसर का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढाएं.

# हवा में 25 फीट उछलकर गड्ढे में जा गिरी स्कॉर्पियो

## ड्रायवर के सिर में चोटें आई, अन्य सवार बाल-बाल बचे



**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 08 जनवरी, सं. खिलचीपुर क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार का खतरनाक नतीजा सामने आया. जालमपुरा गांव के पास बिजली ग्रिड के समीप एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद उछलते हुए करीब 25 फीट दूर गड्ढे में जा गिरी. हादसे में वाहन चला रहे ड्राइवर के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि साथ बैठा व्यक्ति सुरक्षित बच गया.**

दरअसल, पचोर निवासी महेश गुप्ता अपने परिवार के साथ सफेद स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 09 सीएन 1471 से खिलचीपुर एक मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे. कार्यक्रम में जाने के बाद उनके ड्राइवर होकम चारण स्कॉर्पियो लेकर पास के बरुखेड़ी गांव में अपने मामा से मिलने चले गए. कुछ समय रुकने के बाद वह अपने रिश्तेदार अजय चारण को साथ लेकर वापस खिलचीपुर लौट रहे थे. इसी दौरान जालमपुरा बिजली ग्रिड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया. तेज गति से सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद स्कॉर्पियो हवा में उछली और सड़क से नीचे गड्ढे में 25 फिट दूर पलट गई. हादसे में खुजनेर थाना क्षेत्र के देवली गांव निवासी ड्राइवर होकम चारण के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि वाहन में सवार अजय चारण को कोई चोट नहीं आई. घटना की सूचना मिलते ही वाहन मालिक महेश गुप्ता और उनका परिवार व रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए.

# प्रभात फेरी का फूल बिछाकर स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 08 जनवरी, सं.** आगामी 19जनवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर आम नागरिकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रात: प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर भक्ति रस में रम रहें है. नगर के विभिन्न गली मोहल्लों धार्मिक स्थलों से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें हिन्दू जागृति, भजन कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा निकल रहें जो बीच बीच में भगवान के जयकारे लगाते चलते हैं. इस कड़ी में गुरुवार प्रात: नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा से पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक धार्मिक भक्तों ने मुख्य रोड़ पर प्रभात फेरी के सदस्यों के लिए पुष्प बिछाकर आत्मिय स्वागत किया तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर चाय पीला कर स्वागत किया.

### ढाबला सरपंच श्रीमती कौशल्या देवी चौहान का निधन

**नवभारत न्यूज, पचोर 08 जनवरी, सं.**



भाजपा नेता ढाबला ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच नन्नू लाल चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी चौहान का 57 वर्ष की आयु में 7 जनवरी 2026 को निधन हो गया. श्रीमती कौशल्या देवी कुछ समय अस्वस्थ थी. श्रीमती चौहान राकेश चौहान, राहुल चौहान की माताजी थी. उनके निधन से ग्राम पंचायत ढाबला में शोक व्याप्त हो गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ग्रामीण जनों ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि उनके पुत्र राकेश राहुल ने दी.

# युवाओं की सक्रियता से स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है

**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 08 जनवरी, सं.** शासकीय महाविद्यालय सुठालिया जिला राजगढ़ में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के अवसर पर स्वच्छ राष्ट्र स्वस्थ समाज अभियान के अंतर्गत एक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ व्हीएस बैस ने की. कार्यक्रम के प्रभारी डॉ आनंद स्वरूप लहरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छता अभियान को स्थायित्व मिल सकता है. मुख्य वक्ता संतोष पाठक ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक चेतना से है. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ समाज में भी जागरूकता फैलाएं, मंच संचालन डॉ प्रदीप कुमार द्वारा किया गया. उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को युवाओं के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा यह संकल्प लिया गया कि स्वच्छता को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा. इस अवसर पर शमशाद बेग, डॉ संतोष साहू, राजकुमार, उमेश सेन, प्रवेश कुशवाह, पूजा यादव सहित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे.



### जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 09 को

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 08 जनवरी, का.** संचालनाल खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 09 जनवरी को सायं 04 बजे किया जाएगा.






# धर्म की डगर पर ... कांटे से कांटा निकालने में लगी कांग्रेस !

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 08 जनवरी,का.** धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है, प्रदर्शन का नहीं. राजनीति के वर्तमान दौर में धर्म दिखावे का विषय हो गया है. अब तो हालात यह है कि नेता नगरी यह तक सार्वजनिक करती है कि आज उन्होंने ईश्वर की पूजा-अर्चना की है.

जिस प्रकार धर्म का प्रभाव राजनीति में बड़ा है उसके कारण राजनीति से जुड़े हर व्यक्ति की यह मजबूरी हो गई है कि वह यह साबित करें कि वह धार्मिक है. चूंकि भाजपा अपने को धर्म के अत्यधिक निकट मानती है, इसलिये उसका प्रदर्शन करने में भी वह संकोच नहीं करती है.

राजनीतिक फायदे के लिये उसे यह जरूरी लगता भी है और यह कहना गलत भी नहीं है कि उसे इसका लाभ भी मिला है. दूसरी ओर कांग्रेस अपने को धर्मनिरपेक्ष कहकर धर्म प्रदर्शन का विषय नहीं है यह कहती रही है. राजनीति में धर्म जरूरी है लेकिन धर्म में राजनीति का स्थान नहीं होने की बात को बहस का रूप देने वाले लोग भी अब मानने लगे है कि धार्मिक है तो इसे दिखाने में कोई बुराई नहीं है.

भाजपा ने धर्म को राजनीति के केन्द्र में लाकर कांग्रेस को धार्मिक होने का प्रदर्शन करने के लिये बाध्य कर दिया है. कांग्रेस को धर्म के नाम पर भाजपा द्वारा घेर लेने के कारण अब उसे धार्मिक, हिन्दू, सनातनी होने पर गर्व करने की बात बोलना पड़ रही है. कांग्रेस के बड़े नेता श्री दिग्विजय सिंह से लेकर राहुल गांधी सहित पूरी पार्टी को कई बार यह बताने को विवश होना पड़ा है कि वे न केवल धार्मिक बल्कि हिन्दु धर्म के अनुयाई और सनातनी है. यह अलग बात है कि कांग्रेस इस विषय पर धर्म के आधार पर राजनीति करने का आरोप लगा भाजपा के समक्ष कई सवाल खड़े करती है. वह यह भी कहती रही है कि भाजपा धर्म की ठेकेदार नहीं है.

**जिले में इन दिनो...**
**गोविन्द बड़ोने**

सोशल मीडिया के दौर में इनदिनों नेतानगरी खुद को धार्मिक बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. इसमें बुराई भी नहीं है. यह समाज के समक्ष अपनी सक्रियता और धार्मिकता दिखाने का बेहतर माध्यम भी है. सोशल मीडिया से ही पता चला कि इन दिनों राजगढ़ जिले के पक्ष-विपक्ष के लोग धार्मिक यात्रा, गिरराज जी की परिक्रमा में व्यस्त है.

हाल ही के दिनों में गुना इंकाध्यक्ष पूर्व मंत्री जयवर्द्धन सिंह परिक्रमा कर लौटे और अब राजगढ़ जिला इंकाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियवृत सिंह परिक्रमा करने गये है. श्री सिंह कांग्रेस की पूरी टीम को अपने साथ ले गये है. इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया सहित जिले के कई ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व विधायक, इंका नेता, कार्यकर्ता शामिल है. भाजपा नेताओं की यह यात्रा सतत चलती रहती ही है इंका नेताओं की यात्राओं में भी वृद्धि हो रही है. कहीं कांग्रेस धर्म, आध्यात्म की डगर पर चलकर कांटे से कांटा निकालने की योजना पर तो नहीं चल रही है.

राजनीति अपनी जगह है लेकिन ईश्वर की पूजा, अराधना, तीर्थ यात्रा, व्रत-उपवास, परिक्रमा जैसी साधना का अपना महत्व है. इसका कितना किसको राजनीतिक लाभ मिलेगा यह अलग विषय है लेकिन जो भी ईश्वर की शरण में जायेगा उसका लाभ तो उसे मिलेगा ही.

कांग्रेस ने भी अब अपने को धार्मिक बताने से परहेज करना बंद कर दिया है. क्योंकि उस पर अधार्मिक होने का आरोप भी लगता है. इतना ही नहीं इससे कांग्रेस ने कई चुनावों में दर्द भी झेला है. इस दर्द का अहसास कांग्रेस संगठन को होने लगा है. कांग्रेस के इस दर्द को किसी कवि की इन पंक्तियों से समझा जा सकता है-

**'अचानक बांसुरी से दर्द की लहरे उभरती है,**
**गुजरती है जो राधा पर वह गिरधारी समझता है'**

### धर्म के साथ कुरुक्षेत्र के मैदान में कांग्रेस

जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने अपनी गति बढ़ाना शुरू कर दी है. वे धर्म के साथ कुरुक्षेत्र के मैदान में डटे नजर आने लगे है. हाल ही में उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने इंदौर के दूषित पेयजल कांड को लेकर जिस प्रकार पूरे जिले में प्रदर्शन, पुतला दहन किये और नगरीय निकायों व प्रशासन के अधिकारियों से सवाल जवाब किये वह यह बता रहा है कि कांग्रेस ने कुरुक्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति दिखाना शुरू कर दी है. इसका क्या फायदा होगा यह आने वाले समय में पता चल पायेगा.

### युवा दिवस पर युवाओं को रोजगार देने की पहल

प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल आने वाली 12 जनवरी युवा दिवस पर युवाओं को रोजगार देने की पहल करते हुए एक बड़ा आयोजन सारंगपुर में करने वाले है. इसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी प्रयास किये जा रहे है. रोजगार चाहने वाले युवक-युवतियों और दिव्यांगजनों के लिये यह एक बेहतर अवसर माना जा रहा है.

### एसपी के प्रयासों से भय व आतंक का खौफ मिटा

एसपी अमित तोलानी ने पिछले दिनों राजगढ़ में हुए डकैती काण्ड के बाद लोगो में व्याप्त खौफ को दूर करने का सराहनीय प्रयास किया है. गौरतलब है कि राजगढ़ जिला मुख्यालय पर हथियारों के साथ मुख्य बाजार में धावा बोलते हुए दर्जनभर बदमाशों ने जिस प्रकार से भय व आतंक मचाया था वह हर किसी को कपकपा देने वाला था. इसके लगभग दर्जनभर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी सफलता पाई है. उम्मींद है कि इस प्रकार के अपराध भविष्य में घटित न हो इसके लिये पुलिस अपनी सक्रियता रखेगी.

### गैलरी का प्लास्टर गिरा

**छापीहेड़ा 08 जनवरी, सं.** नगर के वार्ड क्रमांक 6 में पुरानी पटवारी गली में एक पुराने मकान की गैलरी से प्लास्टर निकलकर आम रास्ते पर आ गिरा. घटना के दौरान वहां मौजूद लोग बाल बाल बच गए. इसी गली में दिनभर बच्चे खेलते रहते हैं तथा आम रास्ते होने से लोग निकालते रहते हैं. नगर परिषद इंजीनियर बादल नरगावे तथा पार्षद घनश्याम पाटीदार मौके पर पहुंचे और मकान मालिक को दुरूस्ती के लिए कहा गया.

## द्वितीय पुण्य स्मरण



स्व. श्रीमती सरला देवी शर्मा
देहावसान- 09.01.2024

"कर याद आपकी आंखे नम हो जाती है.
सीख आपकी हमें सदमार्ग पर चलना सिखाती है"

श्रद्धानवत् :- डॉ. रूपा शर्मा-डॉ पुनीत (बेटी दामाद)
कु. निकिता शर्मा साफ्टवेयर इंजी.
रामप्रसाद शर्मा शिक्षक (पति)